# किसानों के सम्मान के लिए कांग्रेसियों ने कर दिया महिला अधिकारी का अपमान

## कलेक्टर की तख्ती निकलते ही भागे कांग्रेसी

**शाजापुर, 9 अप्रैल. समर्थन मूल्य को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टोरेट के बाहर धरना दिया. धरने के बाद कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए कलेक्टर चैम्बर की तरफ दौड़े. इसी दौरान कलेक्टर की नेम प्लेट जैसे ही नीचे गिरी, तो कई कांग्रेसियों ने दौड़ लगा दी. इसके बाद ज्ञापन देने के लिए जब कांग्रेसी कलेक्टर कार्यालय में खड़े थे, तो ज्ञापन की कॉपी में देरी होने से शाजापुर महिला एसडीएम के सामने पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने गेहूं की बोरी को ही ज्ञापन के रूप में उड़ेल दिया. तो वहीं कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने इस ढेर में से महिला अधिकारी पर गेहूं फैंक दिए.**



गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर समर्थन मूल्य खरीदी में हो रही देरी को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव जिला कांग्रेस द्वारा किया गया था. जिसमें सभी गुट के नेता शामिल हुए. धरने में कराड़ा कांग्रेस, सिकरवार कांग्रेस, जोशी कांग्रेस, कुणाल कांग्रेस सहित अन्य कांग्रेसी गुट के नेता मौजूद रहे. धरने के बाद कलेक्टर कार्यालय में दौड़ते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर चैम्बर केबाहर जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया.इसी बीच कलेक्टर की नेम प्लेट गिर गई. नेम प्लेट गिरते ही कई कांग्रेसियों ने पुलिस प्रकरण के डर से दौड़ लगा दी. वहीं ज्ञापन के समय ज्ञापन की कॉपी आने में विलम्ब हो गया, जिसके चलते पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने शाजापुर एसडीएम मनीषा वास्कले के सामने गेहूं की बोरी उड़ेल दी. इसी बीच कुछ कार्यकर्ताओं ने गेहूं के दाने महिला अधिकारी पर फैंक दिए.

### कांग्रेसियों का ये कैसा महिला सशक्तिकरण

किसानों के सम्मान में घेराव करने गए कांग्रेसियों ने एक महिला अधिकारी के अपमान पर भी ध्यान नहीं दिया. एक तरफ कांग्रेस महिला सशक्तिकरण की बात करती है और अजा-अजजा वर्ग के उत्थान को लेकर भी संविधान लेकर चलते हैं कांग्रेसी. वहीं अजा-अजजा वर्ग की एक महिला अधिकारी के साथ कांग्रेसियों की ये अभद्रता अशोभनीय है.

### महेंद्र जोशी ने गाना गाकर सरकार के वादे याद दिलाए

पूर्व राष्ट्रीय सेवा दल अध्यक्ष महेंद्र जोशी ने धरने को संबोधित करते हुए वादा तेरा वादा फिल्मी गाना गाकर प्रदेश सरकार को उनके वादे को याद दिलाने का अनूठा तरीका अपनाया. इस अवसर पर महेंद्र जोशी ने कहा कि किसान अपनी फसल बेचने के लिए मजबूर है और मप्र सरकार आज तक समर्थन मूल्य की खरीदी शुरू नहीं कर पाई है. ऐसे में अन्नदाता आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, लेकिन प्रदेश की सरकार ध्यान भटकाने के लिए अन्य मुद्दों को आगे कर रही है. वहीं दूसरी ओर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामवीरसिंह सिकरवार ने कहा कि आज प्रदेश में खरीदी शुरू न होने से किसान आत्महत्या करने को मजबूर है. यदि जल्द ही खरीदी शुरू नहीं हुई, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी. कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कमल चौधरी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान, सीताराम पवैया, युवक कांग्रेस अध्यक्ष जयंत सिकरवार, मार्केटिंग अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गोहिल, राजकुमार कराड़ा, पूर्व पार्षद संजीव त्रिवेदी, पूर्व पार्षद आशुतोष शर्मा, जनपद अध्यक्ष शरद शिवहरे सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे.





### वरिष्ठ नेता नीचे खड़े रहे, युवा नेताओं को बनाया बलि का बकरा...

जैसे ही धरना खत्म हुआ और कांग्रेसी कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय में घुसे, तो सभी वरिष्ठ नेता कार्यालय परिसर में खड़े रहे और युवा नेताओं को आगे कर दिया. याने पुलिस प्रकरण हो, तो युवा नेताओं पर दर्ज हो और वरिष्ठ नेता नीचे खड़े रहे. वहीं कलेक्टर के नाम की जैसे ही तख्ती टूटी, दो कांग्रेसी नेता दुम दबाकर भाग निकले.

# शाजापुर को मिली 58 करोड़ की लागत से निर्मित सांदीपनि स्कूल की सौगात

## स्कूल शिक्षा मंत्री, सांसद और विधायक ने फीता खोल कर किया शुभारंभ

**शाजापुर, 9 अप्रैल. भैरव डूंगरी के समीप 58 करोड़ की लागत से बने सरदार वल्लभभाई पटेल संदीपनि उमावि शाजापुर के नवीन भवन का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद महेंद्र सोलंकी एवं विधायक अरुण भीमावद ने फीता खोल कर किया. इसके साथ ही यहां प्रवेशोत्सव का भी आयोजन किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.**

मंत्री का स्वागत विद्यार्थियों ने बैंड एवं पुष्प वर्षा से किया. इसके बाद उन्होंने मुख्य प्रवेश द्वार पर फीता खोलकर नवीन भवन का उद्घाटन किया. मंत्री ने अरुण एवं उदय कक्षाओं का निरीक्षण किया. जहां बच्चों ने अपने हाथों से बनाए पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया. बच्चों की प्रतिभा और उत्साह को देखकर मंत्री ने उनकी सराहना की. कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने मां सरस्वती एवं सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी स्वयं की शिक्षा भी शासकीय विद्यालय में हुई है. उन्होंने नई शिक्षा नीति को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है.



### विधायक ने सौंपा मांग पत्र

इस अवसर पर शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने विभिन्न विद्यालयों के विकास हेतु मांग पत्र सौंपा. मंत्री ने नवीन विद्यालय के लिए पानी की टंकी निर्माण, बहुउद्देशीय हॉल के आधुनिकीकरण, सरदार वल्लभभाई पटेल की 25 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापना, कक्षाओं के लिए शेष फर्नीचर उपलब्ध कराने सहित अन्य स्कूलों के विकास हेतु करोड़ों रुपए के कार्यों की घोषणा की.

### इनकी रही मौजूदगी...

कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने की. विशेष अतिथि के रूप में विधायक अरुण भीमावद उपस्थित थे. सह विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री विजय बेस, जिला उपाध्यक्ष शीतल भावसार, जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय, नपा उपाध्यक्ष पंडित संतोष जोशी, भाजपा नगर अध्यक्ष पं. आशीष नागर सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे. संचालन गौरव सोनी ने किया. आभार प्राचार्य श्रीमती सविता सोनी ने माना.



## एक नजर में

### अंग्रेजी साहित्य के इतिहास पर विस्तार व्याख्यान आयोजित



**शुजालपुर, 9 अप्रैल.** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में अंग्रेजी विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हिस्ट्री ऑफ इंग्लिश लिटरेचर विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अंग्रेजी साहित्य के विभिन्न कालखंडों और प्रमुख रचनाकारों की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय जावर के असिस्टेंट प्रोफेसर राकेश कुमार सोलंकी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए. उन्होंने अपने व्याख्यान में अंग्रेजी साहित्य के इतिहास, प्रमुख साहित्यकारों और साहित्यिक प्रवृत्तियों पर विस्तार से प्रकाश डाला. साथ ही नेट, सेट, टेट एवं एमपीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं और संभावित प्रश्नों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके शर्मा ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की. कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष मोना जाटव, असिस्टेंट प्रोफेसर अंकिता वर्मा, अर्पणा श्रीवास्तव एवं निखत परवीन सहित अन्य स्टाफमौजूद रहा. संचालन मोना जाटव व आभार अंकिता वर्मा ने व्यक्त किया. इस दौरान डॉ. संजय कुमार प्रजापति, डॉ. रवि राठौर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

### अहिरवार ने किया पदभार पत्रकारों ने किया स्वागत



**बड़ौद, 9 अप्रैल.** प्रशासनिक स्तर पर किए गए फेरबदल के तहत तहसीलदार की नियुक्ति की गई है. अब तक तहसीलदार के रूप में कार्यरत प्रभारी भंवरसिंह चौहान के स्थान पर रामकृष्ण अहिरवार को नया प्रभारी तहसीलदार नियुक्त किया गया है.जारी आदेश के साथ पदभार ग्रहण किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह परिवर्तन किया गया है. नए तहसीलदार रामकृष्ण अहिरवार के पदभार संभालने के बाद राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों में और तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है. गौरतलब है कि तहसील स्तर पर भूमि संबंधी मामलोंए राजस्व वसूली तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी तहसीलदार पर होती है. ऐसे में नए तहसीलदार के आगमन से आमजन को प्रशासनिक कार्यों में सुविधा मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है. वहीं वर्तमान तहसीलदार भंवरसिंह चौहान के कार्यकाल में भी कई प्रशासनिक कार्य संपन्न हुए. उन्हें बीजानगरी में नायब तहसीलदार बनाया गया है, नए तहसीलदार के रूप में रामकृष्ण अहिरवार में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे और राजस्व संबंधी व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाएंगे. पदभार ग्रहण में समस्त पत्रकरो अभिभाषक और स्टाफ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी है.

### लाखों के गहने व नगदी चोरी, घर के बाहर से ही मिले

**शुजालपुर, 9 अप्रैल.** ग्राम डूंगलाय में शादी की तैयारियों के बीच एक घर में चोरी की वारदात सामने आई है. अज्ञात बदमाश करीब 14.50 लाख रुपए के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए. इस चोरी की सूचना पर मंडी पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई और थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व अमला घटना स्थल पर पहुंचा, लेकिन वारदात के 24 घंटे बाद ही चोरी गए आभूषण व नगदी घर के बाहर सीढ़ियों के नीचे बने स्टोर में मिले. पुलिस फरियादी की शिकायत पर आरोपी की तलाश कर रही है. पुलिस के अनुसार फरियादी सज्जन सिंह धनगर निवासी डूंगलाय ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके घर में रखी पेटी से सोने-चांदी के आभूषण और 10 हजार नकदी चोरी हो गई. धनगर ने बताया कि 5 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे उन्होंने सामान पेटी में रखा देखा था. 7 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे जब दोबारा पेटी देखी, तो जेवर और नकदी गायब मिले. उन्होंने यह भी बताया कि 6 अप्रैल को दोपहर 1 से 4 बजे के बीच घर सूना था. क्योकि परिवार के सदस्य बाहर गए हुए थे. लाखों रुपए की चोरी की सूचना के बाद थाना प्रभारी शिवकुमार यादव सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्होने कुछ लोगों से चर्चा की और सख्ती से पूछताछ के बाद वारदात में शामिल व्यक्ति की तलाश के लिए डॉग स्कॉर्ट लाने की बात कही गई. जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल को चोरी का मामला दर्ज हुआ था और 9 अप्रैल की सुबह पुलिस को पता चला कि चोरी गए आभूषण व नगदी फरियादी के घर के बाहर छत पर जाने वाली सीढ़ियों के नीचे बने स्टोर में मिले, पुलिस ने इन सामग्रियों का तौल कार्य किया और आरोपी की तलाश की जा रही है.

### अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला 16 को

**शाजापुर, 9 अप्रैल.** मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर द्वारा 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक शासकीय आईटीआई शाजापुर में एक ही छत के नीचे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है.

# पुस्तक मेले में उमड़ी भीड़, किफायती दरों पर मिली किताबें व गणवेश

## 30 अप्रैल तक दुकानों पर विशेष छूट का आश्वासन

**शुजालपुर, 9 अप्रैल. जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर द्वारा पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में गुरुवार को पुस्तक मेले का आयोजन किया गया. मेले में पालकों और स्कूल संचालकों की अच्छी खासी भागीदारी रही, जहां किफायती दरों पर पुस्तकें और गणवेश उपलब्ध कराए गए.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार किरण धाकड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि एसडीओपी निमेष देशमुख रहे. इस दौरान विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र गोखले सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य मंचासीन रहे. मेले में 17 स्थानीय दुकानदारों ने स्टॉल लगाए, जहां पालकों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री रियायती दरों पर मिली. दुकानदारों ने आश्वासन दिया कि जो पालक मेले में शामिल नहीं हो सके, उन्हें 30 अप्रैल तक दुकानों पर विशेष छूट दी जाएगी. अध्यक्षीय उद्बोधन में तहसीलदार धाकड़ ने पुस्तक मेले की उपयोगिता बताते हुए अधिक से अधिक पालकों को इसका लाभ लेने की अपील की. वहीं मुख्य अतिथि एसडीओपी देशमुख ने स्कूल बसों के फिटनेस, बीमा, रजिस्ट्रेशन और चालकों के वैध लाइसेंस सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने बसों में स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य बताते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की बात कही. कार्यक्रम में करीब 200 से अधिक पालकों एवं बड़ी संख्या में स्कूल संचालकों की उपस्थिति रही. स्वागत भाषण प्राचार्य अल्पना राणा ने दिया. संचालन संजय देशमुख व आभार राकेश पांचाल ने व्यक्त किया. इस अवसर पर बीएसी रोशन सिंह परमार, जनशिक्षक गिरीश नाथ, उदय सिंह परमार, धनपाल सिंह चंद्रवंशी, धर्मेंद्र यादव, महेश परमार, महेश बामनिया, मुकेश परिहार, प्रीति चौहान एवं दिनेश मंडलोई सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे.



मेले में उपस्थित अधिकारी व अन्य।

# केसीसी खाते से धोखाधड़ी का आरोप, बैंक कर्मचारी पर शिकायत

**बड़ौद, 9 अप्रैल. नगर के गांधी चौक डग दरवाजा निवासी एक किसान ने बैंक ऑफ इंडिया की बड़ौद शाखा के कर्मचारी पर केसीसी खाते से रुपये निकालने का गंभीर आरोप लगाया है. पीड़ित किसान ने मामले को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधी चौक डग दरवाजा निवासी सुरेशचंद्र ने बताया कि उनका किसान क्रेडिट कार्ड खाता बैंक ऑफ इंडिया की बड़ौद शाखा में संचालित है. उन्होंने अपने खाते से लगभग 2 लाख 99 हजार रुपये ही निकाले थे, लेकिन बाद में खाते की जानकारी लेने पर पता चला कि खाते से 3 लाख रुपये और निकाल लिए गए हैं. सुरेशचंद्र का आरोप है कि यह राशि बैंक के एक कर्मचारी द्वारा धोखाधड़ी कर निकाली गई है. जब उन्होंने इस संबंध में बैंक में शिकायत की तो शाखा प्रबंधक अमित भुजिया ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया. पीड़ित किसान ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस में कराते हुए निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है. वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है.

**इनका कहना है**

*बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं, हमारे द्वारा ना कोई धोखाधड़ी की गई और ना ही अभद्र व्यवहार.*

***-अमित पंवार, प्रबंधक बैंक आफ इंडिया, बड़ौद***

## एक नजर में — विश्व नवकार दिवस पर हुआ सामूहिक मंत्र जाप का आयोजन

# नवकार महामंत्र के जाप से सभी मनोकामना पूरी होती है : भीमावद

**शाजापुर, 9 अप्रैल. विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के आव्हान पर गुरुवार को शाजापुर में स्थानीय पोरवाल जैन स्थानक में विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण हेतु नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप का आयोजन किया गया.**

अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक अरुण भीमावद ने कहा जीतो के माध्यम से 108 देशों में नवकार मंत्र के जाप का आयोजन किया जा रहा है. अपने आप में यह सिद्ध मंत्र है. इस मंत्र के जाप से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. जैन समाज के कई आयोजनों में सम्मिलित हुआ हूं. जैन समाज इस राष्ट्र की आर्थिक रीढ़ की हड्डी है. जैन समाज हर क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आ रहा है. जीतो के आव्हान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी नवकार महामंत्र के कार्यक्रम में सहभागिता की. जीतो जेटीआर मनोज जैन ने बताया विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष में एक वैश्विक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना है. एक साथ निर्धारित समय में एक स्वर में नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया. सामूहिक जाप केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बनेगा, बल्कि विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा, जो अनुमोदनीय होकर सभी के लिए अनुकरणीय होगा. इस आयोजन में खतरगच्छ जैन श्री संघ अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन भंसाली, सकल जैन समाज अध्यक्ष सपन जैन, श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ अध्यक्ष लोकेंद्र नारेलिया, स्थानक ओसवाल जैन समाज अध्यक्ष लोकेश जैन बंटी, पोरवाल जैन समाज अध्यक्ष पीयूष मदनसिंह जैन, दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष शांतिलाल जैन, वरिष्ठ समाजजन नरेंद्र जैन, संजय जैन सीकेएस, विमल जैन, दिनेश जैन, सुरेश जैन, अरविंद जैन, मनोहर जैन, मनोज रामसणा, पारस जैन, डॉ. अमृत जैन, सचिन कोठारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे संचालन सकल जैन समाज महामंत्री अजीत जैन ने किया. इस अवसर पर विधायक भीमावद का समाजजनों द्वारा अभिनंदन भी किया गया.



### मानवता के कल्याण का महामंत्र है...

नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का महामंत्र है. यह प्रेम, शांति और अहिंसा का संदेश देता है, जिसे आज के युग में सभी को अपनाने की आवश्यकता है. नवकार महामंत्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व है. यह मंत्र सकारात्मक ऊर्जाए शांति और विश्व कल्याण का प्रतीक है. कई आत्माओं ने महामंत्र नवकार की आराधना से सिद्ध गति को प्राप्त किया. भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म और जीयो और जीने दो का संदेश विश्व शांति एवं विश्व कल्याण के लिए आज भी प्रासंगिक है. उल्लेखनीय है विश्व में जो युद्ध के हालात बने थे. इसे देखते हुए जीतो द्वारा विश्व शांति और सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार के लिए नवकार महामंत्र के जाप के आयोजन करने का निर्णय लिया. आयोजन के एक दिन पहले ही युद्ध विराम हुआ.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शुजालपुर, 9 अप्रैल.** शहर के मंडी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई. हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान विष्णु प्रसाद परमार 55 वर्ष निवासी लसूड़िया हेजम के रूप में हुई है. वह शुजालपुर से अपने गांव लौट रहे थे तभी नानियाखेड़ी के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद उन्हें तत्काल शासकीय सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. अस्पताल चौकी से मिली सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मंडी थाना पुलिस के अनुसार हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है.